# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026


# Manas Abhiyan 2.0: पीएम श्री स्टेडियम भादरा मे कंबड्डी प्रतियोगिता का समापन, झांसल और शेरडा बने विजेता


राजेश चौधरी



Published on 18 Apr 2026





Bhadra (हनुमानगढ़)। Manas Abhiyan 2.0 के अंतर्गत PM Shri Stadium में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का समापन समारोह उत्साह और खेल भावना के साथ सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में पुरुष और महिला दोनों वर्गों के रोमांचक मुकाबले देखने को मिले।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में Jainendra Khanna उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में Ramesh Sharma और Om Sudda ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

फाइनल मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष वर्ग में ग्राम पंचायत झांसल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ग्राम पंचायत शेरडा की टीम उपविजेता रही। वहीं महिला वर्ग में ग्राम पंचायत शेरडा की टीम ने जीत दर्ज कर प्रथम स्थान हासिल किया और सुरतपुरा की टीम द्वितीय स्थान पर रही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जैनेंद्र खन्ना ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि मानसिक विकास और अनुशासन के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने युवाओं को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

विशिष्ट अतिथि ओम सुड्डा ने युवाओं से नशे से दूर रहने और खेलों को अपने जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं और समाज को स्वस्थ बनाते हैं।

इस अवसर पर स्वर्गीय रामसिंह जी बेनीवाल की स्मृति में उनके पुत्र विक्रम बेनीवाल द्वारा विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए गए। खिलाड़ियों और दर्शकों में इस दौरान विशेष उत्साह देखने को मिला।

समापन समारोह में क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग और शारीरिक शिक्षक उपस्थित रहे, जिनमें रमेश, सुनील, दिनेश यादव, मोहर सिंह

बिजारणिया, पृथ्वी सिंह ढाका, कृष्ण ढाका, रमेश सिहाग, राय साहब, कृष्ण धामू, जाकिर हुसैन, महेंद्र घोटिया और राजबाला बेनीवाल प्रमुख रूप से शामिल रहे।

इस आयोजन ने क्षेत्र में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का कार्य किया है। स्थानीय स्तर पर ऐसे आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.